



# पंचायत स्तर की जनसुनवाई में नहीं पहुंचे रहे अधिकारी-कर्मचारी


## पड़ताल के दौरान चार ग्राम पंचायतों में मिले सिर्फ पंचायत के प्रतिनिधि, अन्य विभागों का अमला गायब

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण पंचायत स्तर पर हो सके, इसकी व्यवस्था करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लापरवाह अधिकारी-कर्मचारी इन निर्देश का पालन नहीं कर रहे है, जिसके फलस्वरूप जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में लोग अपनी फरियाद लेकर कलेक्टर के पास पहुंच रहे है। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई की हकीकात जानने के लिए नवभारत की टीम द्वारा मंगलवार को पड़ताल की गई और टीम एक-एक कर शहर की समीपस्थ चार ग्राम पंचायतों में पहुंची, जहां सिर्फ पंचायत के प्रतिनिधि पंचायत भवनों में बैठे मिले और अन्य अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे ही नहीं। वहीं जब अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के जनसुनवाई में शामिल होने की जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि कई विभागों के लोग आजतक पंचायत स्तर की जनसुनवाई में पहुंचे ही नहीं है, जबकि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई किए जाने आदेश हुए करीब एक माह होने को है और इसमें करीब चार मंगलवार बीत चुके है।

दरअसल मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलामुख्याल पर बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच रहे है, जिसके चलते ग्रामीणों की संख्या कम करने उन्हें परेशान न होना पड़े इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम की व्यवस्था की गई, लेकिन जब नवभारत द्वारा ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर पड़ताल की गई, तो पंचायत भवन तो खुले मिले, लेकिन उनमें पंचायत प्रतिनिधि के अलावा कोई नहीं मिला। वहीं पंचायतों में ग्रामीण अपनी शिकायत करते हुए भी नहीं देखे गए।

**नवभारत ग्राउंड रिपोर्ट**



### तूमैन में बैठे मिले सचिव एवं रोजगार सहायक

ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई की हकीकत जानने के लिए नवभारत टीम सबसे पहले करीब दोपहर 11:05 बजे ग्राम पंचायत तूमैन पहुंची, जहां पर सरपंच पति रामसिंह सिख, सचिव बृजेंद्र साहू एवं रोजगार सहायक सतीश शर्मा बैठे हुए थे। जब उनसे अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि पटवारी का ऑपरेशन हुआ है, जिसके चलते वह नहीं आए है। वहीं अन्य लोगों की जानकारी उनसे चाही गई तो उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने चुप्पी साध ली।




### सिकंदरा में सहायक सचिव चलाते मिले लैपटॉप

नवभारत की टीम अपनी पड़ताल के दौरान समीपस्थ ग्राम पंचायत सिकंदरा 11:35 बजे पहुंची, जहां पर जनसुनवाई की कमान सहायक सचिव संभाले हुए मिले। इस दौरान पंचायत भवन में सहायक सचिव सोनू शर्मा के अलावा कोई मौजूद नहीं था। इस दौरान जब उनसे अन्य लोगों के बारे में जानकारी चाही गई, तो उन्होंने बताया कि सचिव चंद्रभान रोड़ की मरम्मत कार्य को देखने के लिए गए हुए है। वहीं उन्होंने पटवारी को लेकर बताया कि पास में ही जमीन की नपती कराने के लिए गए है। वहीं उन्हें जनसुनवाई में पहुंचने वाले हैडपंप मैकेनिक के अलावा किसी के बारे में उन्हें जानकारी नही थी।



### भौराखाती में ग्रामीण सहित पंचायत प्रतिनिधि

ग्राम पंचायत से सटी हुई ग्राम पंचायत भौराकाछी है, जहां टीम 12:40 बजे ग्राम पंचायत भौराखाती पहुंची, जहां पर ग्रामीण सहित पंचायत प्रतिनिधि बैठे हुए थे, यह पर एक शिकायती आवेदन भी आया हुआ था। पंचायत भवन में बैठे सचिव मर्दन सिंह कुशवाह और सहायक सचिव शिवकुमार शर्मा से जनसुनवाई के लिए आने वाले अन्य लोगों की जानकारी जुटाई गई, तो उन्होंने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी अभी आए थे और हस्ताक्षर कर चले गए। वहीं पटवारी सहित अन्य लोगों की जानकारी देने में दोनो ने असमर्थता जताई।

### भौराकाछी अकेले बैठे नजर आए रोजगार सहायक

पड़ताल के दौरान टीम का अगला पड़ाव ग्राम पंचायत भौराकाछी था, जहां 12:20 पर पहुंची, तो देखा कि पंचायत भवन के बाहर रोजगार सहायक लक्ष्मी नारायण कुशवाह ढहलते हुए नजर आए, टीम के पहुंचने के बाद वह अपनी कुर्सी पर बैठे। इस दौरान जब उनसे जनसुनवाई में शामिल होने वाले अन्य लोगों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि सचिव का अतिरिक्त चार्ज दीपेश जैन पर है, जो कि एसडीओ के निरीक्षण के चलते चले गए है, क्योंकि उन पर दूसरी पंचायत का कार्यभार भी है। वहीं पटवारी को लेकर वह अनभिज्ञ नजर आए, क्योंकि ट्रांसफर के चलते नये पटवारी ने हल्का संभाला है। उन्होंने बताया कि वह एक बार ही गांव में आए है, उसके बाद आजतक कोई नहीं आया। वहीं ऐसी ही बाते अन्य लोगों के बारे में बताई।



**जनसुनवाई में इन्हें मौजूद रहने निर्देश:**

ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम पटवारी, सचिव ग्राम पंचायत, रोजगार सहायक, शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता, लाइन मेन, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, पुश चिकित्सक, बीट गार्ड तथा हैण्ड पंप मैकेनिक शामिल है। जो जनसुनवाई के दौरान अपने-अपने विभागों के आवेदन पत्रों को प्राप्त करने के साथ ही विधिवत पंजी संधारित करते हुए आवेदनों के निराकरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया है।

***इनका कहना है।***

*बहुत सारे विभागों के प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिकारी नहीं होते, कई पंचायतों के बीच में एक अधिकारी-कर्मचारी होते है। यदि कोई भी कहीं पर उपस्थित नहीं होंगे, तो उनके विरूद्ध कार्यवाहीं की जाएगी।*

***आदित्य सिंह, कलेक्टर***
***जिला अशोकनगर।***

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए 577 आवेदन

**अशोकनगर।** प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में अपनी शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई कर संबंधित उपस्थित अधिकारियों को हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा 577 आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंगलवार को आए आवेदनों में मुक्तिधाम के लिए जगह दिलाये जाने, भूमि का नामांतरण कराए जाने और बंटवारा सबंधित आवेदन आए। जिनके निराकरण के निर्देश दिए गए है।

### कई पंचायतों में हुई जनसुनवाई

**अशोकनगर।** प्रति मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिले की कई ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई में 265 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 152 आवेदनों मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं शेष आवेदन संबधित विभागों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किए गए

## एक नजर में



### जुजीत्सु में पदक विजेताओं का रोटरी क्लब ने किया सम्मान

**नवभारत अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल विभाग से मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश जू-जित्सु संघ द्वारा 11वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल के विंग्स क्लब में18-20 जुलाई तक किया गया। जिसमे रोटरी क्लब में ट्रेनिंग करने बाले अशोकनगर के नन्हें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 13 गोल्ड मैडल व 5 ब्रॉउंज मैडल जीतकर जिले का नाम किया। वहीं खिलाड़ियों के लौटने पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष द्वारा शिवन्या चौरसिया, गौरांग अग्रवाल,गौरांश चौरसिया, दिशार्थ धुरेंटे, शिवार्थ धुरेंटे, ध्रुव लोधी, भावेश सेन,उदयवीर केवट, अनुराग बरहा, खुश अग्रवाल,ओम शर्मा, राघव मिश्रा, समर्थ यादव, तीर्थ साहू का सम्मान किया गया।

### सिंधिया के प्रयासों से बहाल हुई मुंगावली की संजीवनी क्लिनिक

**नवभारत अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के सक्रिय हस्तक्षेप से मुंगावली की संजीवनी क्लिनिक एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तैयार है। नगर के मल्हारगढ़ रोड स्थित फिल्टर प्लांट के पास दो वर्ष पूर्व बनी यह क्लिनिक, डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण अब तक बंद पड़ी थी। स्थिति की जानकारी मिलते ही श्री सिंधिया ने जिला कलेक्टर से चर्चा कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद दो चिकित्सकों की नियुक्ति सुनिश्चित की गई। वहीं चिकित्सकों की तैनाती से अब न केवल नगरवासियों को, बल्कि आसपास के गांवों को भी प्राथमिक और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकेंगी। आकस्मिक जरूरतों की दृष्टि से यह क्लिनिक अब एक भरोसेमंद स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करेगी। वर्षों से लंबित यह सुविधा स्थानीय लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही है।

### विशाल आत्महत्या मामले में आया फैसला, आरोपी को दस वर्ष कारावास

**नवभारत अशोकनगर।** शहर के चर्चित विशाल अग्रवाल आत्महत्या मामले में न्यायालय प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा की अदालत द्वारा पारित निर्णय में आरोपी बब्बी उर्फ आशीष पुत्र आनंद कुमार जैन उम्र 50 वर्ष निवासी पाराशर मोहल्ला अशोकनगर को दोष सिद्ध नहीं पाए जाने पर दोष मुक्त किया गया है। वहीं महिला आरोपिया अनीता चावला पत्नी बलविंदर सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी शंकरपुर मगरदा को धारा 306 भा.दं.सं.1860 के अपराध में 10 (दस) वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1,000रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड के व्यतिक्रम में आरोपिया को 01 (एक) माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जावे। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी शासकीय जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी एडवोकेट द्वारा की गई।

### बाल अधिकारों को लेकर चौपाल आयोजित, बच्चों को दी स्कूल सामग्री

**नवभारत अशोकनगर।** ईसागढ़ ब्लॉक के तिलहारी गांव के विद्यालय में मंगलवार बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने स्कूल में बाल चौपाल लगाकर बच्चो को किशोर अधिनियम की जानकारी दी बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने बाल अधिकारों के सम्बंध में चर्चा की शाला त्यागी बच्चों को चिन्हित करके स्कूल से जोड़ने और बाल श्रम, बाल विवाह के विषय पर सभी के समक्ष अपनी बात रखी । वहीं सदस्य नम्रता नायक ने बच्चो को गुड टच बेड टच की जानकारी दी। इस मौके पर अक्षरपीठ शिक्षा समिति के अध्यक्ष कुमार संभव ने मोबाइल से हो रहे दुष्परिणामों नजदीकी लोगो से हो रहे अपराध की जानकारी दी अंत मे बच्चो को शिक्षण सामग्री वितरित की।


# वर्धमान स्कूल के शिक्षक ने छात्र का सिर फोड़ा

## बात करने से नाराज हो गया था शिक्षक, मारपीट में लहूलुहान हुआ छात्र, भर्ती

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कक्षा में छात्र-छात्राओं द्वारा आपस में बातचीत करना आम बात है, लेकिन छात्रों की इसी आपसी बातचीत से नाराज एक शिक्षक ने एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी, जिसमें वह लहूहुहान होकर बेहोस गया, जिसके चलते कक्षा के अन्य छात्रों द्वारा स्कूल के प्राचार्य को बताया और छात्र के परिजनों को बुलाया गया, जिसके बाद स्कूलों पहुंचे परिजनों ने पहले तो थाने में शिक्षक खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई और उसके बाद छात्र का उपचार कराया। तो वहीं इस घटना के बाद जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षक को हटा दिया गया। तो वहीं पुलिस ने मारपीट करने वाले शिक्षक पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह पूरा मामला वर्धमान कॉन्वेट स्कूल का है, जहां शिक्षक द्वारा छात्र के साथ बेहरमी से मारपीट की गई।

दरअसल वर्धमान कॉन्वेट स्कूल में सुभाष गंज निवासी आदित्य पुत्र सुनील जैन ने कॉमर्स कक्षा में एडमिशन लिया है, जिसके चलते वह मंगलवार को स्कूल में पढ़ने के लिए गया था, जहां स्कूल लगने के साथ ही पहला पीरियड पूरा हुआ था, इसके बाद दूसर पीरियड अंग्रेजी का लगना था, जिसे लेने के लिए शिक्षक गोविन्द श्रीवास्तव पहुंचे, जहां बच्चे आपस में बातचीत कर रहे थे, जिससे नाराज होकर शिक्षक ने आदित्य से परिचय पूछने के साथ ही उसके साथ अपने पास रखी स्टीक से मारपीट कर दी, मारपीट जब तक जारी रहीं तब तक छात्र लहूलुहान होकर बेहोश नहीं हुआ। बेहोस होने के बाद छात्र के सहपाठियों द्वारा घटना की जानकारी स्कूल के प्राचार्य के साथ परिजनों को दी। वहीं स्कूल पहुंचे परिजनों ने छात्र को लहूलुहान देखकर नाराजगी व्यक्त की और उसके बाद थाने पहुंचे, जहां पर शिकायती आवेदन देकर शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। बताया जा रहा है कि मारपीट में जो छात्र घायल हुआ है, उसका स्कूल में पहला ही दिन था।



**सामाजिक संगठनों फूटा गुस्सा, सौंपे ज्ञापन**

वर्धमान स्कूल में छात्र के साथ मारपीट और शिक्षक की हैवानियत पर सामाजिक संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा और वह शिक्षक पर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे। इस दौरान वीर क्लब, जैन युवा वर्ग, जैन जागृति मंडल सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने थाने में ज्ञापन देते हुए शिक्षक पर कड़ी कार्यवाहीं किए जाने की मांग की गई है।

***इनका कहना है।***

*वर्धमान स्कूल में छात्रा आदित्य जैन के साथ मारपीट की गई, यह मारपीट स्कूल के टीचर द्वारा की गई, जिसमें वह घायल हो गया है। छात्र की शिकायत पर टीचर पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।*

***अक्षय कुशवाह, उप निरीक्षक***
***सिटी कोतवाली अशोकनगर।***

*क्लास में पढ़ाने के दौरान छात्रों द्वारा कोई कमेंट किया गया था, जिससे शिक्षक नाराज हो गए, स्कूलों में अब लकड़ी डंडा तो रहता नहीं है, लेकिन नीचे पढ़ी एक लकड़ी छात्र को लग गई, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना के बाद शिक्षक गोविन्द श्रीवास्तव को स्कूल से हटा दिया गया है।*

***देवेंद्र माथुर, प्राचार्य***
***वर्धमान स्कूल अशोकनगर***




# दस्तक अभियान का मुंगावली विधायक ने किया शुभारंभ

**चंदेरी विकास खण्ड के सूरेल में हुआ आयोजन**

**बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन की दवाई**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** चंदेरी तहसील के अंतर्गत ग्राम सूरेल मे मंगलवार को आंगनवाड़ी क्रमांक 1 पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने 9 माह से 5 वर्ष तक के आदिवासी बच्चों को विटामिन ए कि दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता है और दस्तक अभियान के माध्यम से गंभीर बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान से जोड़ें। साथ ही विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि ग्राम सूरेल, सुनपुरा मुहाल, नीमखेड़ा कि आदिवासी गर्भवती महिलाओं को हर माह फल फ्रूट की टोकरी देंगे जिससे गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी न हो।

# नेत्र शिविर में 51 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** करुणा निधि सेवा समिति द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय एवं रोटरी क्लब के सहयोग से मंगलवार को राष्ट्रीय अन्धत्व निवारण कार्यक्रम के तहत निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। जहां पर एक सैंकड़ा से अधिक लोगों ने अपनी आंखो की जांच कराई, जिनमें से 51 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। मंगलवार को आयोजित शिविर में श्री सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखो का परीक्षण करते हुए उन्हे दवाई दी गई। तो वहीं ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को बस के माध्यम से नेत्र चिकित्सालय के लिए भेजा गया। गौर करने वाली बात ये है कि करुणा निधि सेवा समिति द्वारा लगाये गए शिविर में मरीजों को आने, लाने, ऑपरेशन, खाने पीने, और रहने, भोजन दवाई, चश्मा सब नि:शुल्क किया जावेगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष माधव सिंह करैया, कोषाध्यक्ष पारस चंद्र, रोटरी अध्यक्ष अजीत जैन, रोशन कोहली, सुधीर गुप्ता, प्रदीप शर्मा, कमलसिंह रघुवंशी, हरि मोहन गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा विगत कई वर्षो से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन माह के मंगलवार को किया जाता है।

# नशे के प्रति जागरूक करने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को सिटी कोतवाली पुलिस, देहात थाना पुलिस और यातायात विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर नशे के प्रति जागरूक किया गया, तो वहीं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने हस्ताक्षर कर किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए नशा छोड़ने की बात कही।



**कार्रवाई** | **तीन दिन के अंदर अवैध निर्माण हटाए जाने के दिए निर्देश, न हटाने पर फिर होगी कार्रवाई**

# नियमानुसार निर्माण न करने पर चली नगरपालिका की जेसीबी, लगाया गया जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** नगर में मंगलवार दोपहर नगर पालिका के अमले द्वारा नियम अनुसार व्यावसायिक भवन निर्माण नहीं करने को लेकर कार्यवाही की गई। दरअसल जिन लोगों ने नियम अनुसार भवन निर्माण नहीं किए हैं उनको हटाने के यह कार्यवाही की गई।

मंगलवार को पुरानी सब्जी मंडी के सामने के सामने पुराना बस स्टैंड पर पहुंची जहां पर नगर पालिका की इंजीनियर मोहिनी साहू के साथ नगर पालिका के तमाम कर्मचारी मौजूद थे और उनके द्वारा यहां पर जेसीबी के माध्यम से कार्यवाही की गई नगर पालिका इंजीनियर ने बताया कि व्यावसायिक स्थल पर भवन निर्माण स्वयं की भूमि में 3 मीटर जगह छोड़कर मकान निर्माण कर सकते हैं लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया और मकान निर्माण की कोई भी परमिशन नहीं ली गई। इसके बाद नगर पालिका के इंजीनियर द्वारा जेसीबी से एक दुकान की सीढ़ियां तोड़ी गई साथ ही अन्य भवन की दीवार डैमेज की गई। वही विवाद जैसी स्थिति बनने लगी इसके बाद जिनके द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है उनका आरोप है कि हमारा ही मकान क्यों तोड़ा जा रहा है और भी शहर में अन्य मकान है उनके मकानों को तोड़ा जाए, फिर हमारे मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जाए। इस पर नपा उपयंत्री द्वारा कहा गया कि हमारे द्वारा भवन को चिन्हित किया गया है जिसको तीन दिवस के अंदर हटा लिया जाए अन्यथा नगर पालिका अमला आकर उसको तोड़ देगा। जिसका व्यय भवन स्वामी को देना पड़ेगा इसके उपरांत अन्य जगह कार्रवाई करने के लिए नपा अमला चला गया।

इस संबंध में जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि भूमि विकास अधिनियम 2012 के अंतर्गत आने वाले व्यावसायिक भवनों को ओपन स्पेस 6 मीटर जगह छोड़कर बनाना चाहिए, किंतु नगर में कई भवन बिना अनुमति या फिर जिस तरह से अनुमति ली गई है उसे तरह से नहीं बनाई जा रहे हैं उन पर कार्रवाई निश्चित है यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी संबंध नोटिस पूर्व में भी दिए जा चुके हैं एवं अभी लगातार निरीक्षण कार्य जारी है।

